<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

विषयः "अपने कार्मिको को कंप्यूटर दक्ष बनाने हेतु भाविप्रा का एन आई आई टी के साथ करार"

<u>नई दिल्ली, 30 सितंबर, 2015:</u> भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) एक मिनी रत्न (कैटगरी-1) सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम ने अपने कार्मिको को एम एस ऑफिस और कंप्यूटर की मूलभूत जानकारी उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 29.09.2015 को एन आई आई टी के साथ एक करार किया। श्री अनुज आग्रवाल, सदस्य (मा.सं.) भाविप्रा की उपस्थिति में श्री राजीव गोयल, कार्यपालक निदेशक (प्रशिक्षण) भाविप्रा तथा श्री शिवन भार्गव, ग्रुप प्रेसिडेन्ट-स्किल एवं कैरियर ग्रुप, एन आई आई टी लि0 द्वारा करार पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर बोलते हुए श्री अग्रवाल ने ई-गवर्नेन्स पहल के सफल क्रियान्वयन हेतु तथा डिजिटल इंडिया अभियान के एक हिस्से के रुप में डिजिटल साक्षरता की शुरुआत के रुप में भाविप्रा के कार्मिकों की कंप्यूटर योग्यतओं के उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होने आगे यह भी कहा कि भाविप्रा प्रबंधन का केन्द्रबिन्दु अपने कार्मिकों को दक्षता आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर अपने अंशधारकों को उत्तम सेवाऐं सुनिश्चित करना है।

श्री गोयल ने भी बताया कि यह प्रशिक्षण 'क', 'ख' और 'ग ' वर्ग के कार्मिकों को कंप्यूटर दक्ष बनाने के लिए तथा कार्यस्थल पर बेहतर दक्षता/उत्पादकता हेतु दिया जाएगा। कक्षा के रुप में 20 प्रतिभागियो के बैच को प्रशिक्षण द्वारा दिया जाएगा। एन आई आई टी द्वारा 50 % वैचारिक/सैद्धान्तिक सत्र तथा 50% प्रायोगिक सत्र के तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ये प्रशिक्षण मैसर्स एन आई आई टी द्वारा भाविप्रा के हवाई अड्डे वाले, शहर में सभी सुविधाओ युक्त अपने केन्द्रों पर अथवा भाविप्रा द्वारा निश्चित किए गए स्थान पर दिया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण साझेदारी के अवसर पर शिवन भार्गन, ग्रुप प्रेसिडेन्ट-स्किल एवं कैरियर ग्रुप, एन आई आई टी लि0 ने कहा, " हम एक डिजिटल युग मे रह रहे हैं और प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि उसे कंप्यूटर और इंटरनेट की बैसिक जानकारी हो ताकि वह अपने ग्राहको को बेहतर सेवाऐ दे सके। इसलिए हम भाविप्रा के कार्मिकों की कंप्यूटर दक्षता को बढाने मे सहायता करेंगे और उन्हे तकनीकी रुप से जानकार और इंटरनैट का ज्ञाता बनाएंगे। हमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) के साथ हाथ मिलाकर बड़ी खुशी हुई है और हम एक तकनीकी जानकार समाज को बनाने की दिशा मे कार्य करते रहेंगे।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,
सं. 47/2015-16

श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.), भाविप्रा की गरिमामयी उपस्थिति में श्री राजीव गोयल, निदेशक, भारतीय विमानन अकादमी, श्री शिवन भार्गव, ग्रुप प्रेसिडेन्ट-स्किल एवं कैरियर ग्रुप, एन आई आई टी लि0 के साथ करार का आदान-प्रदान करते हुए। यह करार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कार्मिको को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भाविप्रा और एन आई आई टी लि0 द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है।